## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली, फिर पत्नी ने भी कर ली खुदकुशी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से ?बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां पर एक सीआरपीएफजवान ने खुद को गोली मारकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली है, जिसके बाद उसकी पत्नी ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, तो परिजनों के मुंह से कोई शब्द नहीं निकल पा रहे हैं। दोनों ही परिवार के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं। जानकारी के मुताबिक जवान की शादी को महज चार महीना ही गुजरा था। शादी के बाद से ही उनके बीच विवादों का सफर शुरु हो गया था, जिसकी परिणिति दोनों की मौत के तौर पर सामने आई है। इस हादसे की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को बरामद कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले को लेकर पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। नवविवाहित दंपति के बीच विवाद की मूल वजह क्या थी, ?इस बारे में भी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### शराब पीकर छात्रों से मारपीट करने वाला शिक्षक निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के शिक्षक के द्वारा शराब के नशे में स्कूल आकर बच्चों से मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कस्तुरा में पदस्थ शिक्षक दिनेश कुमार लक्ष्मे के विरुद्ध विद्यालयीन समय में शराब सेवन कर विद्यालय पहुंचने और विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को क्रिकेट बैट से पीटने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुलदुला द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन एवं बयान के आधार पर दिनेश कुमार लक्ष्मे के विरुद्ध शिकायत को प्रथमदृष्टया सही पाया गया। उक्त शिक्षक का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 एवं नियम 23 के सर्वथा विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर जशपुर ने शिक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में शिक्षक लक्ष्मे का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय विकासखंड दुलदुला नियत किया गया है।

### बिलासपुर पहुंचने पर राज्यपाल का हुआ आत्मीय स्वागत

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंची। बिलासपुर पहुंचने पर कलेक्टर व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एसईसीएल विश्रामगृह में राज्यपाल सुश्री उइके का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रतनलाल डांगी तथा कलेक्टर सारांश मित्तर ने राज्यपाल से भेंट की। राज्यपाल सुश्री उइके ने अधिकारियों से जिले के विकास संबंधी कार्यों तथा गतिविधियों की जानकारी ली। राज्यपाल ने अधिकारियों से आमजनों की समस्याएं सुन प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

### दो अलग-अलग उठाईगिरी में लाखों रकम पार, सीसीटीवी में मिला अहम सुराग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 24 घंटों के भीतर दो कारों से लाखों रुपए की उठाईगिरी की घटना हुई है। पहली घटना लाभांडी के ऐश्वर्या एम्पायर में खड़ी कार का शीशा तोड़ बैग में रखें 1 लाख 85 हजार रुपए पार हो गया हैं। वहीं दूसरी घटना आईएमआई एंब्रेसिव कंपनी में घटी है। कंपनी के बाहर खड़ी कार का शीशा तोडक़र आरोपियों ने 1 लाख 70 हजार रुपए पार किया है। पीडि़त रामकुमार सिंगी की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। दोनों वारदातों को एक ही गिरोह के अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। ये पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है, फुटेज देखने के बाद पुलिस जांच कर रही है। शहर के तेलीबांधा और उरला इलाके में कड़ी कार से नगदी रकम की चोरी की गई है। खड़ी कारों का शीशा फोडक़र करीबन 3 लाख 50 हजार रुपए नगदी चोरी किया गया है। वारदातें एक ही तरह की है, इसलिए एक ही गिरोह के होने की आशंकाए जताई जा रही है।

# नेशनल लोक अदालत में 2302 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी तहसील स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति यू.यू. ललित के द्वारा जिला न्यायालय राजनांदगांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी से जानकारी प्राप्त की गई।

इसी क्रम में न्यायमूर्ति यू.यू.ललित के द्वारा राजनांदगांव जिला न्यायालय के ही एक न्यायालय पीठासीन अधिकारी अनिता कोशिमा, न्या.मजि.प्र.श्रे. के न्यायालय में वर्ष 2018 से लंबित माता मालतीबाई एवं पुत्र किशुन ठाकुर के मध्य लंबित फौजदारी के मामले में समझौता की कार्यवाही का जायजा लिया गया तथा न्यायाधीश एवं पक्षकारों से चर्चा की गई उक्त प्रकरण में पक्षकार की माता मालतीबाई जो अपनी वृद्धावस्था के कारण न्यायालय में आने में असमर्थ थी को विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर नीरज साहू के द्वारा ग्राम सिल्वोहा में जाकर विडियो कान्र्फ्रेसिंग के माध्यम से उनकी उपस्थिति न्यायालय में सुनिश्चित कराई गई। इस प्रकार धारा 294, 506बी, 323 का यह मामला माननीय न्यायमूर्तिगण की उपस्थिति में आपसी सुलह समझौता से निराकृत कराई गई।

इसी प्रकार तहसील न्यायालय अम्बागढ चौकी में पीठासीन अधिकारी रोजमी खाखा, न्या.मजि.प्र.श्रे. के न्यायालय में लंबित दो काउंटर प्रकरणों में आपसी सुलह समझौता से मामला निराकृत कराया गया,जिसमें पक्षकार भीषण निषाद और मदन बंदेश्वर के मध्य धारा 294, 323, 506बी भादवि के कांउटर प्रकरण में दोनों पक्षकारों ने एक दूसरे पर लगाये गये अपने मामलें को आपसी रजामंदी से लोक अदालत के माध्यम से समझौता कर प्रकरण का निराकरण कराये। न्यायमूर्ति यू.यू. ललित द्वारा भी उक्त पक्षकारों से और न्यायाधीश व लोक अदालत के उपस्थित सदस्यों से प्रकरण के संबंध में चर्चा की और भविष्य में किसी प्रकार की कोई लडाई झगडा नहीं करने की समझाईश दी गई।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत की गठित खण्डपीठों का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पक्षकारों को अपने मामले आपसी सुलह समझौता से कराने व उसके फायदे के बारे में बताते हुए प्रकरण निराकरण हेतु प्रेरित करते हुए पौधा देकर सम्मानित व प्रोत्सहित किया गया। न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के द्वारा बैंक अधिकारियों, विद्युत मंडल के अधिकारियों, विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों से भी लोक अदालत के संबंध में चर्चा की गई और प्रेस कान्फ्रेस लेकर आवश्यक जानकारी दी गई।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी राजीनामा से समझौता कर प्रकरण निराकृत किया जाता है। इसकी अपील नहीं होती है। लोक अदालत से प्रकरण के निराकरण होने पर दोनो पक्षकार खुश होकर जाते है। लोगों का लोक अदालत के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया है। हमारे देश में इतनी ज्यादा जनसंख्या है और इतने मामले हैं। लोक अदालत से लोगों को जल्दी न्याय मिलता है। लोक अदालत से एक रास्ता खुलता है। लोगों ने अपने अहम को हटाकर आपसी समझौता से अपने मामले निपटाये। सालसा की योजनाओं से भी लोगों को जानकारी मिलती है। लोगों को लोक अदालत के माध्यम से मामले निराकृत करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। अधिक से अधिक मामलों को निराकरण करने का प्रयास हो रहा है।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार कश्यप, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अन्य न्यायिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में, माननीय मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आफेन्स के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार संपूर्ण छत्तीसगढ राज्य में उक्त नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 10 लाख से अधिक प्रकरण निराकृत किये जा चुके हैं तथा नेशनल लोक अदालत की समाप्ति तक आज दिनांक को 2 लाख से अधिक प्रकरणों के निराकरण होने की संभावना बताई गई है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया गया तथा आज भी स्वयं राजनांदगांव एवं बालोद जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत की स्वयं समीक्षा कर पक्षकारों तथा बार एवं न्यायाधीशगणों से चर्चा की गई। नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़, तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया सहित राजस्व न्यायालयों में आयोजित किया गया। जिला, तहसील एवं राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 2152 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 10915 को लोक अदालत में रखा गया, जिसमें से लंबित 727 एवं प्रीलिटिगेशन 1575 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार इस लोक अदालत में कुल 2302 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 73 लाख 17 हजार 261 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

## पुसौर में लर्निंग लायसेंस जारी करने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन 14 मार्च को




**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए रायगढ़ जिले के सभी ब्लाकों में लर्निंग लायसेंस का शिविर लगाया जाना है। इसी क्रम में 14 मार्च 2022 दिन-सोमवार को जनपद पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस जारी किये जाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कारण 14 मार्च 2022 दिन सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस का कार्य स्थगित होगा।

आवेदक किसी भी लोक सेवा केन्द्र/ च्वाईस सेंटर से आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाईट parivahan.gov.in से स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथि 14 मार्च 2022 को बुक किये गये स्लॉट (अपॉइंटमेंट) लेकर आवेदन सहित जनपद पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ में उपस्थित होवे एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे निवास प्रमाण पत्र, जन्मतिथि का प्रमाण, उम्र 40 वर्ष से अधिक होने पर मेडिकल सर्टिफिकेट (परिवहन विभाग से पंजीकृत), दो पासपोर्ट कलर फोटो के साथ उपस्थित होवे सकते है। जिला परिवहन अधिकारी ने आम जनता से अपील कि है की लर्निंग लायसेंस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेवें।

## सरिया थाना प्रभारी ने तीन दिनों में की 51 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाई

- ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में ड्राइवर पर 10,000 रूपये जुर्माना, पिछले 11 दिनों में 75 से अधिक कार्यवाई



**रायगढ़।** होली के पहले ही थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल हुड़दंगियों को सचेत करने सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा शराब का सेवन और शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करना प्रारंभ किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सरिया थाना प्रभारी के.के.पटेल द्वारा बिना हेलमेंट, शराब सेवन कर चलाने वाले एवं बाईक पर ट्रिपल चलने वाले की जाँच कर उनका चलान काटा जा रहा है ताकि हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों पर नियंत्रण किया जा सके।

साथ ही उससे होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके। जैसे-जैसे होलिका पर्व समीप आ रही है। थाना प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई बढ़ा दी गई है। पिछले तीन दिनों में 51 दुपहिया वाहन के चालकों पर 12,900 रूपये समन शुल्क वसूला गया है। दिनांक 11.03.2022 को वाहन चालक डोलामणि बेहेरा पिता गणेश बेहेरा उम्र 31 वर्ष निवासी गडगडदल्बा थाना बरपाली जिला बरगढ़ ओड़िशा वाहन चेकिंग दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर वाहन चालक पर धारा 185 MV Act की कार्रवाई कर इस्तगासा न्यायालय पेश किया गया है। वाहन चालक पर माननीय न्यायालय द्वारा 10,000 रूपये का जुर्माना किया गया है।

इस माह के 11 दिनों में सरिया थाने से 75 वाहन चालकों पर यातायात नियमों के तहत मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा चुकी है। वाहन चलानी कार्रवाई के साथ ही थाना प्रभारी सरिया द्वारा अपने अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिये स्टाफ एवं मुखबिरों लगाकर रखा गया है एवं चेक पोस्ट एवं पेट्रोलिंग के जरिये मादक पदार्थो के तस्करी पर निगाह रखा गया है।

## राजस्थान के अजमेर में मिले सरिया और कोतरारोड़ क्षेत्र से लापता हुये दो गुम इंसान

- लापता युवक की पत्नी पति को ढुंढने पुलिस अधीक्षक से की थीं मदद की गुहार
- गुम इंसान पतासाजी के लिये पुलिस अधीक्षक पुलिस टीम भेजे थे राजस्थान, दोनों गुम इंसान सकुशल दस्तयाब



**रायगढ़।** पिछले दिनों सरायपाली महासमुंद से दो छोटे बच्चों को लेकर एसपी आफिस पहुंची महिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा से मिलकर बताई कि उसके पति ड्रायवर का काम करते हैं। 28 जनवरी 2021 को पंचधार सरिया अपने जान परिचित के पास आये थे। जहां से वापस घर नहीं आये हैं। महिला बताई कि उसके पति घर में अकेले कमाने वाले थे, उनके अचानक कहीं चले जाने से परिवार आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है। पुलिस अधीक्षक मीणा थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल से गुम इंसान के संबंध में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी सरिया बताये कि गुम इंसान सुनील चौहान पिता हीरालाल चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी अमरकोट, सरायपाली महासमुंद के परिजन दिनांक 15.02.2022 को थाना सरिया में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जांच में युवक के अजमेर राजस्थान में होने का पता चला है, जिससे सम्पर्क किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सरिया को शीघ्र की टीम राजस्थान रवाना करने का निर्देश दिया गया। वहीं थाना कोतरारोड़ क्षेत्र से लापता हुई महिला (25 वर्ष) के राजस्थान में होने की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना सरिया के सहायक उप निरीक्षक इमरान खान के हमराह थाना कोतरारोड़, थाना पुसौर स्टाफ की टीम बनाकर गुम इंसान के परिजनों के साथ राजस्थान रवाना किया गया। पुलिस टीम को पतासाजी में दोनों गुम इंसान जिला अजमेर, राजस्थान के चौकी बान्दनवाड़ा क्षेत्र में मजदूरी का काम करते मिले जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रायगढ़ लाया गया है।

## महिलाओं और बच्चियों को दी गई घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न अपराधों की जानकारी



**रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस रक्षा टीम एक सप्ताह तक अभिव्यक्ति कार्यक्रम के माध्यम से विविध खेल प्रतियोगिताएं, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.03.2022 को रक्षा टीम द्वारा थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत ग्राम कोसमपाली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों व सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी दी गई। महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों के बारे में बताया गया। साथ ही ऐसे अपराधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। टीआई अंजना केरकेट्टा द्वारा नाबालिग बच्चियों को पॉक्सो एक्ट, लैंगिक अपराध, गुड टच, बैड टच, आत्म सुरक्षा, टोल फ्री नंबर बताये गये। वहीं महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, नशा मुक्ति सहित अन्य जानकारियां देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाएं , स्कूली बच्चे, महिला समूह की सदस्यगण उपस्थित थे। स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगोली बनाया गया था। कार्यक्रम में रक्षा टीम की ओर से महिलाओं और युवतियों को सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया है। कार्यक्रम में कोतरारोड़ पुलिस स्टाफ, रक्षा टीम की सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा महिला आरक्षक इंदु एक्का व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## गांव-गांव में आर्थिक स्वावलंबन को देंगे बढ़ावा, शहरों में मिलेंगे अब गांवों के उत्पाद, मांग के अनुसार होगा उत्पादन - मुख्यमंत्री

- गोबर से बने सूटकेस में बजट पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बात: मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उद्घाटन

**रायपुर (आरएनएस)।** शहरों में मिलेंगे अब गांवों के उत्पाद, मांग के अनुसार होगा उत्पादन गोबर से बने सूटकेस में बजट पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बात: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उद्घाटन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेला का उद्घाटन किया । इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की 132 संस्थाएं कृषि तकनीक एवं उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुरखों के बताए रास्ते पर चलने से कांटे नहीं चुभते हैं, प्रदेश के खनिज भंडार व प्राकृतिक संसाधनों से मिलने वाली राशि का सही वितरण ही पुरखों का सपना था जो वर्तमान में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी किसी भी वर्ग से भेदभाव नहीं किया और छोटे, बड़े सभी किसानों का कर्ज माफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने खेती किसानी और किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की ताकि प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशील रहे।

शहरों में मिलेंगे अब गांवों के उत्पाद, मांग के अनुसार होगा उत्पादन गोबर से बने सूटकेस में बजट पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बात: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उद्घाटन

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की जनता से वायदा किया था और वो इससे पीछे नहीं हटे, कोरोना के दौरान अर्थव्यवस्था में




गिरावट होने के बाद भी किसानों को चार किस्तें जारी की और इस वित्तीय वर्ष की भी चौथी किस्त जारी होने वाली है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मजदूरों के लिए भी न्याय योजना शुरू की गयी है और अब उन्हें प्रतिवर्ष 6 हजार की जगह 7 हजार रूपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों का निर्माण करना सरकार की योजना नहीं है बल्कि किसानों और ग्रामीणों की योजना है जिसे हम सभी मिलकर तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम जितना सोच रहे हैं हमारे किसान साथी, महिलाएं, युवा और वैज्ञानिक उससे चार कदम आगे चल रहे हैं। गोधन न्याय योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के किसी भी मंत्री ने आज तक गोबर से बने सूटकेस का इस्तेमाल बजट पेश करने के लिए नहीं किया, लेकिन छत्तीसगढ़ के गौठान में गोबर से निर्मित सूटकेट का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में हुआ और मुझे ये सौभाग्य मिला।

शहरों में मिलेंगे अब गांवों के उत्पाद, मांग के अनुसार होगा उत्पादन गोबर से बने सूटकेस में बजट पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बात: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले का उद्घाटन

छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में किसानों के खाते में 91 हजार करोड़ रूपए जमा हुए हैं और ये कुल बजट का एक तिहाई हिस्सा है जो किसानों को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों के खाते में पैसे बच रहे हैं और इसी की वजह से गौठान औद्योगिक पार्क में विकसित होते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के बेटे, स्थानीय युवा अब छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाएंगे और सरकार उन्हें आर्थिक मदद भी प्रदान करेगी, इसी का एक उदाहरण है कि सी-मार्ट के जरिए गांवों में बनने वाले उत्पाद अब शहरों में बिकने शुरू हो गए हैं जिसे देखते हुए प्रत्येक जिले में सी-मार्ट खोलने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मांग के सिद्धांत को समझते हुए हमें जरूरत के अनुसार उत्पादन करना सीखना होगा ताकि अर्थव्यवस्था में मांग बनी रहे। इसी को देखते हुए देश में केवल छत्तीसगढ़ में तीन हजार रूपए समर्थन मूल्य की दर से कोदो-कुटकी की खरीदा की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 8 हजार से ज्यादा गौठान बन चुके हैं, लेकिन कहीं भी जमीन अतिक्रमण को लेकर कानून व्यवस्था नियंत्रित करने की स्थिति नहीं बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी गांव में पले-बढ़े हैं और हम गांव वालों की तकलीफ समझते हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सुराजी ग्राम योजना के माध्यम से गांवों में स्वावलम्बन हो रहा है और किसान समृद्ध हो रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480